>

Title: Request to give district status to the Zanskar, Nubra, Shyang, Changthang and Dras of Ladakh.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल (लद्दाख) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया । मैं लद्दाख क्षेत्र से चुनकर आता हूं जो लार्जेस्ट कांस्टिट्यूएंसी है और जम्मू-कश्मीर का 70 प्रतिशत एरिया मेरी कांस्टिट्यूएंसी में आता है, जहां दो ही डिस्ट्रिक्ट्स हैं ।

अध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर में जब भी पॉप्यूलर सरकार आती है तो लद्दाख के साथ स्टेप मदरली ट्रीट करने और डिसक्रिमिनेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ती है । वहां दो ही डिस्ट्रिक्ट्स हैं, जहां क्षेत्रफल की दृष्टि से कोई विकास नहीं हो पाता है, जिससे वहां पॉलिटिकल एस्पिरेशन्स और डेवलपमेंट की स्पिरिट दब जाती है ।

महोदय, अभी जम्मू-कश्मीर में प्रेजीडेंट रूल लागू है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जम्मू-कश्मीर में प्रेजीडेंट रूल को एडवाइज़ करें कि लद्दाख के लेह और कारगिल डिस्ट्रिक्ट, जो जम्मू-कश्मीर का 70 प्रतिशत है, उसको बांटकर जांसकर, नुब्रा, शाम, चांग्थांग और द्रास, इन पांच खित्तों को डिस्ट्रिक्ट का दर्जा दिया जाए, क्योंकि जांसकर और नुब्रा अपने डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर से छः-सात महीने बर्फ की वजह से कटऑफ रहते हैं । इसलिए जांसकर और नुब्रा समेत शाम, चांग्थांग और द्रास को डिस्ट्रिक्ट का दर्जा दिया जाए, यही मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है । धन्यवाद ।